बरेली, बुधवार
29 मार्च, 2023
नगर संस्करण
मूल्य ₹ 7.00
पृष्ठ 16

दैनिक जागरण

Page No. II : Bottom

श्रीराम मूर्ति मैमोरियल टी- 20 प्राइज मनी टूर्नामेंट कल से

बरेली : एसआरएमएस ट्रस्ट श्रीराम मूर्ति मैमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट कराने जा रहा है। 30 अप्रैल से आरंभ होने वाले इस टूर्नामेंट में आठ टीमें हिस्सा लेंगी। एसआरएमएस इंजीनियरिंग कालेज स्थित श्रीराममूर्ति स्मारक क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले इस टूर्नामेंट का फाइनल सात अप्रैल को होगा। इसमें विजेता टीम को ट्राफी के साथ 31 हजार रुपये और रनर अप को ट्राफी के साथ 21 हजार रुपये मिलेंगे।

आयोजन समिति के सचिव मनीष सिंह ने कहा कि टूर्नामेंट में शामिल टीमों को दो ग्रुपों में रखा है और सभी टीमें तीन-तीन मैच खेलेंगी। दोनों पूल से ज्यादा मैच जीतने वाली एक-एक टीम फाइनल में पहुंचेगी। टूर्नामेंट का आखिरी लीग मैच चार अप्रैल को अल्मा मातेर क्रिकेट एकेडमी और एयरफोर्स बरेली के बीच होगा। मैन आफ द टूर्नामेंट बनने वाले खिलाड़ी को 2500 हजार रुपये और ट्राफी दी जाएगी। वि.